# सम्मेलन में बांधों की सुरक्षा और जल प्रबंधन पर हो रहा है मंथन : महाराज

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राजस्थान के जयपुर में जल शक्ति मंत्रियों के साथ दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन हो रहा है। इस सम्मेलन में बांधों की सुरक्षा और प्रबंधन पर महत्वपूर्ण चर्चा हो रही है। इसमें प्रतिभाग करने उत्तराखंड के सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज भी वहां पहुंचे हैं।
सिंचाई मंत्री सतपाल ने गुरुवार को बताया कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय का जल संसाधन नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग का जयपुर में 14 से 15 सितंबर को बांध सुरक्षा पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आज शुभारंभ हुआ है। इसमें जहां एक ओर विभिन्न राज्यों के सिंचाई मंत्री भाग ले रहे हैं। इस दो दिवसीय सम्मेलन में बांधों की सुरक्षा के साथ-साथ जल प्रबंधन और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी चर्चा हो रही है। सम्मेलन में दुनिया भर से इंजीनियर, नीति-निमार्ता, उद्योग जगत के प्रतिनिधि, शिक्षक एवं अनुसंधान संस्थान, बांध सुरक्षा विशेषज्ञ समेत बांध मालिक भी भाग ले रहे हैं।



सिंचाई मंत्री सतपाल ने कहा कि इस सम्मेलन का उद्देश्य एक दूसरे के अनुभव साझा करने, तकनीकी प्रगति, बांध सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नवीन दृष्टिकोण विकसित करने और संभावित सहयोग हेतु एक बेहतरीन मंच उपलब्ध करवाना है। इसके अलावा सम्मेलन में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संगठन प्रदर्शनी के माध्यम से बांधों और उनसे जुड़े कार्यों से संबंधित अपनी तकनीक, उत्पादन, उपकरणों और सेवाओं का प्रदर्शन भी कर रहे हैं।
सिंचाई मंत्री महाराज ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने राज्य में बांध सुरक्षा अधिनियम 2021 को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने हेतु बांध सुरक्षा पर राज्य बांध सुरक्षा समिति और राज्य बांध सुरक्षा संगठन का गठन किया गया है। जो लगातार बांधों की सुरक्षा को समय-समय पर दिशा निर्देश जारी करने के साथ-साथ उनका अनुसरण भी करवा रही है।
कार्यक्रम में त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा, उत्तर प्रदेश के सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सिक्किम के जल संसाधन मंत्री भीम हैंग लिंबू भी प्रतिभाग कर रहे हैं।

# बदरीनाथ मंदिर के सिंहद्वार में कोई नयी दरार नहीं देखी गयी: बीकेटीसी

**दरारों का मरम्मत**

**09 अगस्त, 2023 को ग्लास टायल्स के अध्ययन के बाद एएसआई ने ट्रीटमेंट कार्य शुरू किया था।**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बदरीनाथ मंदिर के सिंह द्वार में कोई नयी दरार नहीं देखी गयी है और नहीं बदरीनाथ मंदिर क्षेत्र में भू-धंसाव हो रहा है। पहले से आयी हल्की दरारों का मरम्मत कार्य चल रहा है।
बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग ( एएसआई) द्वारा बदरीनाथ मंदिर के सिंहद्वार में पहले से आयी हल्की दरारों का मरम्मत कार्य चल रहा है। वर्तमान में कोई भी नयी दरार नहीं दिखी है।
बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने वर्ष 2022 में शासन को पत्र लिखकर बदरीनाथ मंदिर के सिंह द्वार पर आयी हल्की दरारों के विषय में अवगत कराया था। तत्पश्चात शासन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) को इस इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को कहा। इस क्रम में जुलाई 2022 में एएसआई ने मरम्मत की कार्य योजना तैयार की थी।
अक्टूबर 2022 को एएसआई ने सिंह द्वार की दरारों पर ग्लास टायल्स (शीशे की स्केलनुमा पत्तियां) फिक्स कर दी थीं, जिससे यह पता लग सके की दरारें कितनी चौड़ी हुई हैं। 09 अगस्त, 2023 को ग्लास टायल्स के अध्ययन के बाद एएसआई ने ट्रीटमेंट कार्य शुरू किया था।

## चारधाम यात्रा, श्रद्धालुओं का आंकड़ा 40 लाख से पार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड की चारधाम यात्रा लगातार नये कीर्तिमान बनाती जा रही है। चारधाम यात्रा को शुरू हुए लगभग 5 माह बीत गए हैं। इन पांच माह में 40 लाख से भी अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम के दर्शन किए हैं।
बद्री-केदार समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने गुरुवार को बताया कि चारधाम यात्रा के लिए अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में चार धामों के कपाट खुल चुके थे और अभी तक 40 लाख श्रद्धालुओं ने चार धाम यात्रा की है। गत वर्षों से यदि तुलना करें तो इस बार मानसून सत्र में भी तीर्थयात्री और श्रद्धालु अधिक रहे हैं।

# खेल अवस्थापना विकास नीति में किया जाएगा संशोधन, बढ़ेगी सब्सिडी

**प्रयास**

**-खिलाड़ियों को प्रोत्साहित और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए सरकार लगातार कर रही प्रयास : रेखा आर्य**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि राज्य में खेल और खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। सरकार खेल अवस्थापना के विकास पर मिलने वाली सब्सिडी को बढ़ाएगी।
खेल मंत्री रेखा आर्या ने



बताया कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में खेल और खिलाड़ियों के हितों के लिए हर संभव काम किये जा रहे हैं। अब इसी के तहत खेल अवस्थापना विकास पर जो सब्सिडी पूर्व में दी जाती थी उसे बढ़ाया जाएगा। अब खेल सुविधा के विकास पर पहाड़ में 70 फीसदी, जबकि मैदान में 50 फीसदी सब्सिडी दी जाएगी,
जिसका प्रस्ताव बनाकर जल्द ही मंत्रिमंडल बैठक में लाया जाएगा।
गौरतलब है कि राज्य सरकार वर्ष 2016 में निजी निवेशकों को खेल अवस्थापना के क्षेत्र से जोड़ने के लिए खेल अवस्थापना नीति लागू की थी, लेकिन इसका लाभ सही प्रकार से नही मिल पा रहा था। पूर्व में खेल अवस्थापना में जो नीति लागू की गई थी, वह बेहद जटिल थी। ऐसे में अब इसमें संशोधन करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसके तहत जल्द ही हम कैबिनेट बैठक में खेल सुविधा के विकास पर मिल रही सब्सिडी को बढ़ाने जा रहे हैं, जिससे निश्चित ही खेल व खिलाड़ियों के लिए यह कारगर साबित होगा।
खेल मंत्री ने कहा कि राज्य के प्रतिभाशाली और उभरते हुए खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति देने की योजना शुरू की थी। इसी क्रम में खेल और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए नई खेल नीति लाई गई है। इसमें बड़े प्रावधान किए गए हैं ताकि उत्तराखंड खेल के क्षेत्र में मॉडल बने।
उन्होंने कहा कि आज उत्तराखंड के खिलाड़ियों का दैनिक भोजन भत्ता जो पूर्व में 250 रुपये था उसे बढ़ाकर भारतीय खेल प्राधिकरण की तरह 480 रुपए प्रतिदिन प्रति खिलाड़ी किया गया है। साथ ही अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले उत्तराखंड के खिलाड़ियों को एसी बस और थर्ड एसी रेल कोच में सफर की सुविधा भी दी जाएगी। वहीं 14 से 23 वर्ष के बच्चों को प्रतिमाह 2 हजार की धनराशि उपलब्ध कराने जा रहे हैं।

## श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब-नई दिल्ली के शताब्दी समारोह पर दो दिवसीय प्रतियोगिताएं कल से

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब) नई दिल्ली के शताब्दी समारोह के अवसर पर दो दिवसीय प्रतियोगिताएं 15-16 सितंबर को आयोजित की जाएंगी। सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. देशबंधु ने बताया कि 15 सितंबर को हरिद्वार के सप्तऋषि आश्रम स्थित श्री जगदेव सिंह संस्कृत महाविद्यालय में अंतः विद्यालयीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी, जिसमें भाषण, वाद-विवाद, श्लोक गायन, उक्ति लेखन आदि प्रतियोगिताएं शामिल होंगी। मुख्य अतिथि संस्कृत शिक्षा के सहायक निदेशक बाजश्रवा आर्य होंगे। उन्होंने बताया कि 16 सितंबर को कनखल स्थित श्री मिथिलेश सनातन धर्म इंटर कॉलेज में दूसरी अंतः विद्यालयीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, इसका आयोजन श्री सनातन धर्म शिक्षा समिति, चंडीगढ़ द्वारा किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता,राष्ट्र प्रेम समूह गान, सामूहिक भजन गायन, रंगोली, पेंटिंग, चार्ट बनाना एवं बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट आदि प्रतियोगिताएं शामिल होंगी।


**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | 46/वरिष्ठ म.वि.अभि./सा./मुरा./2023 एमबी डिवीजन में विभिन्न रेलवे स्थापनाओं की रोशनी में सुधार और प्रकाश प्रणाली के स्थापन के लिए विद्युत कार्य। |
| 2. | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | 11978793.18 (जीएसटी सहित) |
| 3. | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |
| 4. | बिड सिक्यूरिटी राशि (रू.) | 209900.00 |
| 5. | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | 6 (छ:) माह |
| 6. | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | निविदायें दिनांक 06.10.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15.00 बजे खोली जायेंगी। |
| 7. | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं.: 40/2023 दिनांक:- 14.09.2023 2854/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## छात्र-छात्राएं हिन्दी भाषा को अधिक महत्व दे रहे हैं: मंत्री जोशी

### -हिन्दी दिवस पर कैबिनेट मंत्री जोशी ने ब्लूमिंग बर्ड स्कूल में पुस्तकालय का किया उद्घाटन



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने हिन्दी दिवस के अवसर पर ब्लूमिंग बर्ड स्कूल, गढ़ी कैंट, देहरादून में नवनिर्मित पुस्तकालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने बच्चों को हिन्दी दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दीं।
कैबिनेट मंत्री जोशी गुरुवार को ब्लूमिंग बर्ड स्कूल, देहरादून में नवनिर्मित पुस्तकालय के उद्घाटन अवसर पर कहा कि हिन्दी भाषा के प्रति विज्ञान और अन्य क्षेत्रों में छात्राओं का रुझान लगातार बढ़ रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी के चलते छात्र-छात्राएं हिन्दी भाषा को अधिक महत्व दे रहे हैं, उनका हिन्दी में प्रस्तुतीकरण भी बेहतर हो गया है। उन्होंने स्कूल प्रशासन से पुस्तकालय में महापुरुषों, अमर शहीदों व वीर योद्धाओं की जीवनी की पुस्तकें लाइब्रेरी में पठन पाठन के लिए रखने का कहा, जिससे बच्चों को प्रेरणा मिले।
मंत्री ने कैंट बोर्ड के अध्यक्ष को भी कहा कि कैंट के सभी पथ प्रदशकों, दुकानों के बोर्ड और कैंट बोर्ड के सभी विद्यालयों के नाम हिन्दी में अंकित किए जाएं। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय के लिए कंप्यूटर और पुस्तक प्रदान करने की घोषणा भी की। उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को पुस्तकें भी वितरित की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कैंट बोर्ड के अध्यक्ष ब्रिगेडियर अनिर्बान दत्ता, सीईओ अभिनव सिंह, विष्णु प्रसाद, प्रभा शाह, उषा शाही, अनिल सेनी, प्रधानाचार्य बसंत उपाध्याय, दीपमाला उपाध्याय, मेघा भट्ट, अर्जुन बसौर, बेला गुप्ता, रेखा थापा सहित विद्यालय की छात्र-छात्राये उपस्थित थे।

## ब्लड सैंपल के नोटिस पर समूह प्रबंध निदेशक ने दिया जवाब

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
डेंगू के बढ़ते मामले पर ब्लड सैंपल को लेकर शासन ने कैलाश अस्पताल को नोटिस दिया था। इस बारे में कैलाश अस्पताल ने अपना जवाब दिया है। यह जवाब कैलाश अस्पताल के समूह प्रबंध निदेशक कार्तिक शर्मा ने दिया है।
गुरुवार को कार्तिक शर्मा ने कहा कि रिपोर्टों में अंतर मिलना संयोग हो सकता है। उन्होंने कहा कि सीएमओ की ओर से जो निर्देश दिया जाएगा, वह उसका पूरा अनुपालन करेंगे। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय पर ब्लड सैंपल की जांच में अंतर लाने की बात पूरी तरह भ्रामक है। हमारे ब्लड सैंपल की जांच कहीं भी करा ली जाए, वह वैसा ही निकलेगा।

# चोरी की 6 बाइकों समेत दो चोर गिरफ्तार

**पूछताछ**

**दो चोरी की बाइकें खटीमा क्षेत्र की हैं और चार अन्य बाइकों का पता लगाया जा रहा है।**

**टनकपुर(चंपावत)/टीम एक्शन इंडिया** पुलिस ने चोरी की 6 मोटरसाइकिलों सहित दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।
इस बारे में गुरुवार को टनकपुर सीओ अविनाश वर्मा ने बताया टनकपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान शारदा बैराज रोड से टनकपुर निवासी मोहम्मद आसिफ और अमन कुमार को दो बाइकों के साथ पकड़ा, जब दोनों बाइकों



की रजिस्ट्रेशन प्लेटों को ई चालान मशीन में चेक किया गया तो एक बाइक का नंबर वैगन आर कार का निकला और दूसरा नंबर किसी अन्य बाइक का निकला।
सीओ वर्मा ने बताया अभियुक्तों से पूछताछ करने पर चार अन्य चोरी की बाइकें जंगल के अंदर बनी हुई बारूद कोठी के खंडहरों से बरामद हुई है।
उन्होंने बताया कि दो चोरी की बाइकें खटीमा क्षेत्र की हैं और चार अन्य बाइकों का पता लगाया जा रहा है। सीओ ने बताया अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वे खटीमा क्षेत्र से बाइक चोरी कर नेपाल में ऊंचे दामों में बेचने की फिराक में थे।


**उत्तर रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल अभियंता/समन्वय द्वारा ई टेण्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेण्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टैंडर संख्या दिनांक | 167-DRM-MB-23-24 13.09.2023 |
| कार्य का नाम | Widening of approaches of L-xing no. 1-BRR on RWL-RKSH section under ADEN/HW. |
| अनुमानित लागत : 30,69,766.65 | धरोहर राशि : 61,800.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 माह |
| टैंडर संख्या दिनांक | 174-DRM-MB-23-24 13.09.2023 |
| कार्य का नाम | Provision of covering at Existing LHS constructed in lieu of LC no. 2 & 6 on LRJ-HW and LC no. 525 on MB-SRE section under ADEN/RK |
| अनुमानित लागत : 2,10,09,080.23 | धरोहर राशि : 2,55,100.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 माह |
| टैंडर संख्या दिनांक | 175-DRM-MB-23-24 13.09.2023 |
| कार्य का नाम | Provision of covering at Existing LHS constructed in lieu of LC no. 24/B & 60/B on LRJ-RWL section under ADEN/HW |
| अनुमानित लागत : 1,40,06,054.02 | धरोहर राशि : 2,20,000.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 माह |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 05.10.2023 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 21.09.2023 |
| आफर की वैधता | 60 दिन |

न.74-W/2/3/WA/Publication दिनांक 13.09.2023 2842/2023
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# गोस्वामी की अस्थियां गंगा में विसर्जित

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के उप प्रधान और ज्योतिष एवं लाल किताब के पितामह दैवज्ञ पंडित वेणी माधव गोस्वामी की अस्थियां वैदिक विधि विधान के साथ सतीघाट कनखल में वैदिक मत्रों के मध्य गंगा में विसर्जित की गईं। उनके बेटे पंडित रिवू कांत गोस्वामी ने अपने पिता की अस्थियां वैदिक मंत्रों के मध्य गंगा में प्रवाहित कीं।
पंडित वेणी माधव गोस्वामी श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के महामंत्री रहे। पंडित वेणी माधव गोस्वामी का अस्थि कलश दिल्ली से कनखल सती घाट उनके परिजन लेकर आए, जहां पर श्री मिथिलेश सनातन धर्म इंटर



कॉलेज की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता, सदस्य सुनील दत्त पांडेय, पंडित प्रवीन कौशिक आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की। तीर्थ पुरोहित पंडित चंदन लाल कांता प्रसाद पंडित धनीराम ने अस्थि विसजन का कार्यक्रम वैदिक विधि विधान से कराया। श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के उप प्रधान रहे पंडित वेणी माधव गोस्वामी लाल किताब के विशेषज्ञ माने जाते थे। उन्होंने लाल किताब को जन-जन तक पहुंचाया। उसको सरल भाषा में भक्तों को समझा कर उसका लाभ प्रदान किया। उनके निधन से सनातन धर्म परिवार और अनुयायियों को अपूरणीय क्षति हुई है।

## गैंगस्टर राजा उर्फ इरफान की सम्पत्ति होगी कुर्क

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
रानीपुर कोतवाली पुलिस गैंग लीडर राजा उर्फ इरफान पुत्र अशरफ की सम्पत्ति को कुर्क करेगी। इस संबंध में जिलाधिकारी ने कुर्की का आदेश जारी कर दिया है। गैंग लीडर राजा उर्फ इरफान एवं उसके गैंग के विरुद्ध कोतवाली रानीपुर पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए धारा 14 उ.प्र. गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत कार्रवाई करते हुए डीएम को रिपोर्ट भेजी गई थी।


**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण एवं विनियमन**

आधारभूत रेल अवसंरचना के उन्नयन हेतु उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल द्वारा सहारनपुर – मुरादाबाद सेक्शन के बीच अप लूप लाइन चालू करने के संबंध में चकराजमल स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग का कार्य किया जायेगा। इस कार्य के संपादन हेतु मुरादाबाद मंडल द्वारा दिनांक 20.09.2023 से 23.09.2023 तक विभिन्न अवधियों के उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, ब्लॉक्स की अवधि के दौरान निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ इनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों को निरस्त एवं निम्नानुसार रोक कर चलायी जायेंगी:-

**रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण**

| रेलगाड़ी सं. | रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 04301 | मुरादाबाद – सहारनपुर एमईएमयू स्पेशल एक्सप्रेस | 20.09.2023 से 24.09.2023 |
| 04302 | सहारनपुर – मुरादाबाद एमईएमयू स्पेशल एक्सप्रेस | 19.09.2023 से 23.09.2023 |
| 04359 | चंदौसी जंक्शन – ऋषिकेश स्पेशल एक्सप्रेस | 20.09.2023 से 24.09.2023 |
| 04360 | ऋषिकेश – चंदौसी जंक्शन स्पेशल एक्सप्रेस | 19.09.2023 से 23.09.2023 |
| 12092 | काठगोदाम – देहरादून एक्सप्रेस | 20, 22 एवं 23.09.2023 |
| 12091 | देहरादून – काठगोदाम एक्सप्रेस | 20, 22 एवं 23.09.2023 |

**रोककर चलाई जाने वाली रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं. एवं नाम | स्टेशन जहाँ पर रेलगाड़ी रोककर चलाई जायेगी |
|---|---|
| 12326 नंगल डैम – कोलकाता सुपरफास्ट एक्सप्रेस | दिनांक 23.09.2023 को अपने रूट पर 60 मिनट के लिए रोक कर चलाई जायेगी |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए दूरभाष सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 • रेलमदद वेबसाइट: www.railmadad.indianrailways.gov.in देखें एवं रेलमदद ऐप डाउनलोड करें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20 | उत्तर रेलवे

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# विश्वकर्मा पूजा ट्रस्ट 17 सितंबर को चंदेश्वर नगर में करेगा 37वां विश्वकर्मा दिवस

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
विश्वकर्मा पूजा समिति चेरिटेबल ट्रस्ट 17 सितम्बर को चंदेश्वर नगर में 37वां श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस धूमधाम के साथ मनाएगा। इसकी तैयारी समिति ने प्रारंभ कर दी है।
गुरुवार को समिति के अध्यक्ष शंभू पासवान ने प्रेस क्लब में पत्रकार वार्ता में बताया कि आगामी 17 सितंबर की सुबह पहले विश्वकर्मा भगवान की भव्य पूजा आयोजित की जाएगी। उसके बाद शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन है, जिसका इस बार सीधा प्रसारण भी किया जाएगा।
श्री विश्वकर्मा पूजा दिवस के अवसर पर चंदेश्वर नगर में भोजपुरी की मशहूर गायक




,गायिका और अभिनेत्री निशा दुबे, विनय मिश्रा एवं चंद्रेश सिंह मुकुल,सुर संग्राम विजेता, महुआ चैनल शेषनाथ ओझा, नीलम पांडे और उनके साथी गायक और कलाकार प्रस्तुति देंगे। इसी के साथ बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गढ़वाली लोकगीत की प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहरी विकास कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल होंगे। इसकी अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल करेंगे।
पत्रकार वार्ता में शंभू पासवान, लाल बाबू ठेकेदार ,अनिल कुशवाहा, सुरेश ठेकेदार, राजेश ठेकेदार, मदन शाह, विनोद ठेकेदार ,अशोक सिंह, हरेंद्र यादव, रमेश शाह , विजय शंकर राजभर ,राकेश राजभर, निरंजन कुशवाहा ,फजल ठेकेदार दिलीप पटेल आदि शामिल थे।

# हिन्दी को विश्व में स्थापित करना है : डॉ. सहस्त्रबुद्धे

साहित्य सम्मेलन

देवसंस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज में दो दिवसीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन का शुभारंभ हुआ।




**हरिद्वार**
देवसंस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज में दो दिवसीय हिन्दी साहित्य सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि आईसीसीआर के अध्यक्ष डॉ विनय सहस्त्रबुद्धे, न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा, देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या, डॉ. संजीव चोपड़ा, डॉ. लक्ष्मीशंकर वाजपेयी आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन और युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित किया।
उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि आईसीसीआर के अध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे ने कहा कि हिन्दी को विश्व भर में स्थापित करना है। इससे पहले हम सभी को अपने अंदर हिन्दी को प्रतिष्ठापित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय भाषाओं में हिन्दी बड़ी बहन समान है। अपने दैनिक व्यवहार में भी हिन्दी का प्रयोग करना चाहिए। हमारे युवाओं को चाहिए कि वे हिन्दी साहित्य का ज्यादा से ज्यादा अध्ययन करें, जिससे वे हिन्दी शब्दकोष से सम्पन्न हों। डॉ. सहस्त्रबुद्धे ने मैथिलीशरण गुप्त, महादेवी वर्मा आदि हिन्दी साहित्य के प्रथम पंक्ति के रचनाकारों का अनुकरण करते हुए हिन्दी साहित्य की नई रचना के लिए प्रेरित किया।
देसंविवि के प्रतिकुलपति डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि विश्व में हिन्दी को प्रथम स्थान पर ले जाने हम सभी को अभिप्सा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति हमारे मन, वचन, चिंतन में समाया हुआ होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लौकिक ग्रंथ लेखक को प्रतिष्ठा दिलाती है, जबकि वैदिक ग्रंथ, वैदिक मंत्र के माध्यम से रचनाकार को जाना जाता है। हमारी संस्कृति की यही विशेषता रही है। उन्होंने हिन्दी साहित्य के विकास हेतु विस्तृत जानकारी दी।
सम्मेलन के विशिष्ट अतिथि नैनीताल उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति विवेक भारती शर्मा ने कहा कि विश्व में सबसे ज्यादा प्रयोग होनी वाली भाषा में हिन्दी का तीसरा स्थान है। उन्होंने कहा कि हिन्दी सर्वव्यापक हो, इसके लिए हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में हिन्दी संस्कृति के लिए समर्पित संस्थानों को विकसित करने की आवश्यकता है। वैल्यू ऑफ वर्ड्स के संस्थापक डॉ संजीव चोपड़ा ने हिन्दी के प्रचार प्रसार के लिए के लिए चलाये जा रहे विविध कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. लक्ष्मीशंकर वाजपेयी ने हिन्दी साहित्य के विस्तार पर चर्चा की। इस दौरान हिन्दी साहित्यकार अनिल रतुड़ी, ममता किरण, व्यास मिश्र, डॉ सुशील उपाध्याय, अशोक पाण्डेय आदि को विशेष प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया।

# राष्ट्र को जोड़ने का काम करती है हिन्दी: संजय गुप्ता



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भाजपा के वरिष्ठ नेता व लक्सर के पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने हिन्दी दिवस पर कनखल बैरागी कैंप स्थित प्राईमरी पाठशाला नं. 19 में बच्चों को कापियां व अन्य पाठ्य सामग्री वितरित की।
इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता ने सभी को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए हिन्दी को अधिक से अधिक बढ़ावा देने पर बल दिया।
उन्होंने कहाकि 14 सितंबर को भारत में हिन्दी दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने की नींव भारत की आजादी के समय ही रख दी गई थी। 14 सितंबर 1946 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को भारत की आधिकारिक भाषा के रूप में स्वीकार किया। बाद में पहली बार आधिकारिक तौर पर 14 सितंबर 1953 को हिन्दी दिवस मनाया गया।
उन्होंने कहाकि हिन्दी को हिन्दुस्तान की पहचान के रूप में भी जाना जा सकता है। भारत में सैकड़ों भाषा व लिपि बोली-पढ़ी जाती हैं, लेकिन हिन्दी राष्ट्र को जोड़ने का काम करती है।

# डेंगू को लेकर देहरादून में कांग्रेस ने किया सर्वे, सरकार को बताया दोषी




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश में डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए कांग्रेस राजधानी में डेंगू से प्रभावित क्षेत्र का सर्वे किया है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष करन माहरा के मार्गदर्शन में कार्यकर्ता यह सर्वे कर रहे हैं।
कांग्रेस मुख्यालय में गुरुवार को पत्रकार वार्ता के माध्यम इसके आंकड़े प्रेस को बांटे गए। मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, परवादून अध्यक्ष मोहित उनियाल, महानगर अध्यक्ष डॉक्टर जसविंदर गोगी ने कार्यकर्ताओं की मदद से इस सर्वे को लगभग 400 लोगों के साथ किया ।
"दून का गुनहगार कौन "अभियान के तहत दून वासियों से यह जानने की कोशिश की गई कि वह आज शहर की बदहाल स्थिति के लिए किसे जिम्मेदार मानते हैं? इस अभियान को शहर के अलग-अलग हिस्सों में संचालित कर जनता को अपने दर्द और अकर्मण्य सरकार के प्रति अपनी राय पहुंचाने का अवसर दिया गया।

महामारी

महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर गोगी ने कहा कि डेंगू ने शहर में भीषण महामारी का रूप ले लिया है

दसौनी ने कहा कि देहरादून देश की डेंगू राजधानी बन चुका है। शहर के हर इलाके ,मोहल्ले और कॉलोनी में हजारों की संख्या में डेंगू के केस रिपोर्ट हो रहे हैं। सरकार अपनी कमियों को छिपाने के लिए झूठे आंकड़ों की मदद ले रही है। इस सर्वे में जनता के सम्मुख देहरादून स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, दून जिला प्रशासन ,नगर निगम और उत्तराखंड स्वास्थ्य विभाग चार विकल्पों के रूप में दिए गए। इसमें से 146 लोगों ने नगर निगम को ही इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया। दूसरे नंबर पर 87 लोगों ने स्वास्थ्य विभाग, तीसरे नंबर पर 60 लोगों द्वारा स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और चौथे नंबर पर 29 लोगों द्वारा दून जिला प्रशासन को दोषी ठहराया कराया गया। कांग्रेस नेताओं ने इस सर्वे का डाटा साझा करते हुए कहा कि देहरादून की जनता भाजपा सरकार की अव्यवस्थाओं से बहुत अक्रोशित और क्षुब्ध है।
उन्होंने बताया कि सर्वे करने वाले कांग्रेस के कार्यकताओं ने इन 400 लोगों के साथ अपना नंबर भी साझा किया और ब्लड की कमी या प्लेटलेट की कमी होने पर संपर्क करने और भरसक मदद करने का वादा किया। उन्होंने एकत्रित किए गए डाटा को प्रस्तुत करते हुए कहा कि भाजपा की तरह कांग्रेस फर्जी आंकड़े नहीं रखती, यह पूरा सर्वे फील्ड में किया गया है और कोई भी इसको क्रॉस चेक कर सकता है क्योंकि हर फॉर्म भरने वाले ने अपना फोन नंबर उसमें अंकित किया है।
महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर गोगी ने कहा कि डेंगू ने शहर में भीषण महामारी का रूप ले लिया है। सरकार डेंगू से मौतों की संख्या छिपाने में लगी है। चारों तरफ से लोगों की मरने की खबर आ रही हैं। ये बिल्कुल ऐसे ही हालात हैं जैसे कोविड के समय थे।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने विशेष उद्देश्य वाले आइकॉनिक हाइलक्स का प्रदर्शन किया

**देहरादून।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने नॉर्थ टेक सिम्पोजियम 2023 (एनटीएस) में विशेष उद्देश्य वाले दो आइकॉनिक हाइलक्स का प्रदर्शन किया। इन्हें एक अधिकृत बाहरी विक्रेता के सहयोग से संशोधित किया गया है। यह टेक्नालॉजी प्रदर्शित करने का वार्षिक आयोजन है। इसका आयोजन भारतीय सेना के उत्तरी कमांड ने किया था। इसमें उसे सोसाइटी ऑफ इंडियन डिफेंस मैन्युफैक्चरर्स (एसआईडीएम) और आईआईटी जम्मू का सहयोग मिला। इस आयोजन का उद्देश्य अत्याधुनिक स्वदेशी विकास और रक्षा तकनीकी क्षमताओं के उत्पादन को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भरता (रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता) हासिल करना है।

# आमरण अनशन पर बैठे छात्र नेताओं के स्वास्थ्य में गिरावट

आमरण अनशन

-महाविद्यालय पोखरी में मांगों को लेकर चौथे दिन भी जारी रहा आमरण अनशन



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी महाविद्यालय के छात्र नेताओं का पांच सूत्रीय मांग को लेकर आमरण अनशन गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। आज स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छात्रों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया।
गौरतलब है कि महाविद्यालय पोखरी के छात्र नेताओं की ओर से विज्ञान भवन का लोकार्पण, एनसीसी की स्वीकृति, छात्रावास का निर्माण, स्नाकोत्तर स्तर पर इतिहास, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र शिक्षा शास्त्र, संस्कृत, समाजशास्त्र एवं एमएससी, बीएड की स्वीकृति को लेकर छात्र संघ अध्यक्ष अंकित चैधरी और छात्र प्रतिनिधि आकाश चमोला की ओर से आमरण अनशन किया जा रहा है, यह गुरुवार को चौथे दिन भी जारी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम ने आमरण अनशन पर बैठे छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। छात्र नेताओं के स्वास्थ्य में काफी गिरावट पायी गई है।
छात्र संघ अध्यक्ष अंकित चौधरी और छात्र प्रतिनिधि आकाश चमोला ने कहा कि आमरण-अनशन को चौथा दिन हो गया है, लेकिन अभी तक भी कोई जनप्रतिनिधि सुध लेने तक नहीं पहुंचा है।
उन्होंने कहा कि जब तक हमारे पांच मांगे पूरी नहीं होती है तो तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा।

# 12000 से अधिक एथलीटों की भागीदारी के साथ एसएफए चैंपियनशिप के लिए तैयार है उत्तराखंड!

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**
देहरादून का महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, परेड ग्राउंड और पैवेलियन ग्राउंड 9 अक्टूबर से एसएफए चैंपियनशिप में विभिन्न क्षेत्रों के एथलीटों के बीच मुकाबले के लिए पूरी तरह तैयार हैं। इस वर्ष उत्तराखंड में 400 से अधिक स्कूलों के 12000 से अधिक एथलीटों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। इतनी भारी संख्या में रजिस्ट्रेशन भारत की इस सबसे बड़ी मल्टी-स्पोर्ट्स स्कूल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु उत्साह और उमंग को दशार्ता है। एसएफए चैंपियनशिप के तीसरे एडिशन के लिए उत्तराखंड के पांच शहरों - देहरादून, मसूरी, ऋषिकेश, हरिद्वार और रूड़की में भारी संख्या में रजिस्ट्रेशन हुए हैं। एसएफए चैंपियनशिप भारत के प्रमुख टेक-एनेबल्ड मल्टी-स्पोर्ट्स स्कूल प्रतियोगिता मंच, स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) का एक प्रयास है।
स्कूल्स अब वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं और अपने छात्रों को प्रतिस्पर्धा के लिए खेल का चुनाव करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इस मल्टी-स्पोर्ट प्लेटफॉर्म को एक ओलंपिक प्लेटफॉर्म जैसा देखा जा सकता है, जहां प्रत्येक स्कूल 30 से अधिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए अपने एथलीटों की टीम भेज सकता है।
स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, रजस जोशी ने कहा कि तीसरे एडिशन का उत्तराखंड में आना, सभी भौगोलिक क्षेत्रों और आयु वर्गों के लिए खेलने का अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में हमारे संकल्पित प्रयास का प्रमाण है! अब तक 12000 से अधिक एथलीटों ने उत्तराखंड में एसएफए चौंपियनशिप के लिए अपनी भागीदारी की पुष्टि की है, और रजिस्ट्रेशन अभी चालू है। इसके जरिए एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार होगा जिससे चैंपियनशिप में 30 स्पोर्ट्स में लगभग 20,000 एथलीट प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। यह इकोसिस्टम सिंगल यूनिफाइंग प्लेटफॉर्म पर एक बटन के क्लिक से खेल प्रतिभा की पहचान करने की संभावना को बढ़ाता है।

# जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता, मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत आकाशवाणी ने किया कार्यक्रम



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता और मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत आकाशवाणी नई दिल्ली की ओर से गुरुवार को देश के प्रथम गांव माणा में भव्य कार्यक्रम किया।
कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आकाशवाणी नई दिल्ली के महानिदेशक डॉ. वसुधा गुप्ता और जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।
इस दौरान स्थानीय महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में पौणा नृत्य के साथ अतिथियों का स्वागत किया गया। सांस्कृतिक दलों ने स्वागत गीत और जागर गायन की प्रस्तुति और आईटीबीपी के बैंड की मधुर धुन ने सभी को मंत्रमुग्ध किया।
आकाशवाणी के महानिदेशक ने कार्यक्रम में लोगों से कहा कि माणा गांव में पहुंचते ही उन्हें ऐसा लगा कि वे अपने गांव में हैं। उन्हें बहुत ही अपनापन महसूस हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति पर गर्व है और लोगों को भी हम अपनी संस्कृति का अहसास करवाना होगा। हमें अपनी पारंपरिक वेशभूषा बोली भाषा को अपनी धरोहर समझ कर उसे आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। आकाशवाणी की कोशिश रहेगी कि उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों, बोली-भाषा को लेकर निरंतर आगे बढ़ाने की दिशा में काम किया जाए।
जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि माणा गांव हमारी पौराणिक संस्कृति से भरपूर है। यहां धार्मिक और तीर्थाटन की अपार संभावनाएं हैं। वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम में भी यहां की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का काम किया जा रहा है।

## मोदी सरकार में बख़्शे नहीं जाएंगे पाकिस्तान में शरण लेने वाले आतंकवादी :शाह

**देहरादून ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में भारत सरकार ने यह निर्णय लिया है कि जम्मू.कश्मीर के उन आतंकवादियों की सारी संपत्ति जब्त की जाएगी जो पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में छुप कर बैठे हैं। पिछले कई वर्षों से पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में शरण लेने वाले जम्मू.कश्मीर के सैकड़ों आतंकवादियों को अब अपनी संपत्ति से हाथ धोना पड़ेगा।

# गोपेश्वर-पोखरी मोटर मार्ग बामनाथ के समीप चट्टान टूटने से अवरुद्ध

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के पोखरी-हापला-गोपेश्वर मोटर मार्ग बामनाथ में गुरुवार को चट्टान टूटने के कारण अवरुद्ध होने से मोटर मार्ग पर आवाजाही ठप्प हो गई है।
चन्द्रशिला पट्टी के दर्जनों ग्राम सभाओं के ग्रामीणों को जिला मुख्यालय गोपेश्वर आने जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।
ग्रामीण कर्णप्रयाग के रास्ते जिला मुख्यालय गोपेश्वर की आवाजाही करने को मजबूर हैं।
आज अचानक पोखरी-गोपेश्वर मोटर मार्ग पर बामनाथ के समीप पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर आ गये, जिससे मोटर मार्ग अवरुद्ध हो गया है। गनीमत यह रही कि जिस समय पहाड़ी से मलबा और बोल्डर टूट कर गिर रहे थे, उस वक्त मार्ग पर वाहनों की आवाजाही नहीं थी अन्यथा कोई बड़ी घटना घट सकती थी।



मोटर मार्ग के अवरूद्ध होने से दर्जनों ग्राम सभाओं को जिला मुख्यालय से संपर्क कट गया है। अब ग्रामीणों को मुख्यालय तक पहुंचने के लिए कर्णप्रयाग होते हुए अतिरिक्त दूरी तय कर पहुंचना पडेगा।
गुडम के प्रधान सज्जन नेगी, मसोली के प्रधान देवेन्द्र लाल, पाटी जखमाला के प्रधान प्रेम सिंह नेगी, नैल के प्रधान संजय रमोला, नौली के प्रधान सतेन्द्र सिंह काण्डई चन्द्रशिला के प्रधान नवीन राणा, सहित तमाम क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने शासन प्रशासन से शीघ्र मोटर मार्ग को खोलकर यातायात बहाल करने की मांग की है।
इधर, पीएमजीएसवाई अधिशासी अभियंता परशुराम चमोला ने कहा मोटर मार्ग के दोनों ओर से जेसीबी मशीन लगाई है। चट्टान से लगातार पत्थर आने के कारण सड़क से मलबा हटाने में दिक्कत आ रही है। आज तक सड़क मार्ग को यातायात बहाल प्रयास किया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के जन्मदिन को खास बनाएगी भाजपा : सुरेश जोशी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस को भाजपा सेवा पखवाड़ा तो मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस को भी युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाने जा रही है। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले इस सेवा पखवाड़े के बारे में गुरुवार को भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेश जोशी ने भाजपा मुख्यालय में मीडिया को जानकारी दी।
इस बारे में भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेश ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाएगी। इसमें भाजपा रक्तदान शिविरों का भी आयोजन करेगी। उन्होंने बताया कि 25




सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय के जन्मदिवस पर भी प्रदेशव्यापी कई कार्यक्रम आयोजित करेगी। आयुष्मान भवः कार्यक्रम के तहत प्रत्येक गांव में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने का काम भाजपा कार्यकर्ता करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा का महासंपर्क अभियान निरंतर जारी रहेगा।
लोकसभा स्तर, मंडल स्तर, ज़िला स्तर तक सभी बैठकें जारी हैं । प्रदेश अध्यक्ष, संगठन मंत्री और शीर्ष पदाधिकारी इन बैठकों में प्रतिभाग कर रहे हैं। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की दृष्टि से भाजपा ने तमाम कार्यक्रम तैयार किए है। सभी प्रदेश पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि सरकार से जुड़ी तमाम जानकारियां आप लोगों तक पहुंचाएं। भाजपा 24 घंटे 7 दिन चुनावी तैयारियों में जुटी है। जी-20 सम्मेलन में पूरी दुनिया ने भारत की नीतियों और विकास को देखा है।
उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस को भी युवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 16 सितंबर को मुख्यमंत्री धामी का जन्मदिन धामी मंत्रिमंडल और विधायकों ने एकजुटता के साथ काम किया। रिकॉर्ड समय में धामी सरकार ने रोजगार देने का काम किया है। नकल विरोधी एक्ट लाने पर विपक्ष ने तरह तरह की बातें की। 24 हजार युवाओं को रोजगार मुहैया कराने का काम धामी सरकार ने किया है।इस अवसर पर मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान, सह मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह नेगी, विपिन कैंथोला, वीरेंद्र सिंह बिष्ट, मधु भट्ट समेत तमाम लोग उपस्थित थे।

# माधुरी सुसरला एमेजॉन इंडिया में लगन, नेतृत्व और इनोवेशन बढ़ा रही हैं

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून।**
आज तेजी से विकसित होती दुनिया में टेक्नोलॉजी हमारे दैनिक जीवन का हिस्सा बन गई है, जो समाज के लगभग हर पहलू को प्रभावित कर रही है। यह टेक्नोलॉजिकल विकास प्रतिभाशाली इंजीनियरों द्वारा किया जा रहा है, जो विभिन्न उद्योगों की उन्नति के लिए इनोवेशन की कल्पना, डिजाइन व क्रियान्वयन करते हैं। वो हमारी आधुनिक दुनिया के निमार्ता हैं। एमेजॉन इंडिया में ऐसे हजारों इंजीनियर नए ग्राहक अनुभव विकसित करने, ग्राहकों की समस्याओं को हल करने और उत्पाद में अनुशासन बनाने के लिए तत्परता से काम कर रहे हैं। एमेजॉन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) में माधुरी सुसरला का सफर काफी प्रेरणाप्रद है। पिछले 7 सालों में उन्होंने दृढ़ संकल्प, नेतृत्व और निरंतर सीखने की प्रवृत्ति के साथ लगातार विकास किया है। वर्तमान में वो एडब्ल्यूएस इंडिया में सीनियर मैनेजर, पार्टनर टेक्नोलॉजी स्ट्रैटेजी के रूप में काम कर रही हैं।
माधुरी ने एडब्ल्यूएस में अपना सफर एडब्ल्यूएस पार्टनर संगठन में सॉल्यूशन आर्किटेक्ट के रूप में शुरू किया, और बड़े ग्लोबल सिस्टम इंटीग्रेटर्स पर अपना ध्यान केंद्रित किया। वो तीन बच्चों की माँ भी हैं, इसलिए उन्हें एमेजॉन की कार्य संस्कृति के लचीलेपन से काफी मदद मिली। कंपनी में प्रदान की जाने वाली जिम्मेदारी और अनुकूलन की भावना पर जोर देते हुए उन्होंने बताया, ह्लएमेजॉन में, हम सब मालिक की तरह काम करते हैं। इसने काम के प्रति मेरे दृष्टिकोण को पूरी तरह रीसेट कर दिया।
एमेजॉन में माधुरी का सफर उनके द्वारा कंटेंट पब्लिशिंग और पब्लिक स्पीकिंग की अपनी लगन को पहचानने से प्रतिबिंबित होता है।

